बिहार की सभी ग्राम पंचायतों की होगी अपनी वेबसाइट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राज्य पंचायती राज विभाग ने प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये व्यापक वेबसाइट विकसित करने हेतु बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रॉन), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और केंद्र सरकार के अन्य संस्थान से संपर्क किया है।

प्रमुख बिंदु

- बिहार के पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि विभाग को विभिन्न सरकारी एजेंसियों से कोटेशन मिलने के बाद सभी 8387 ग्राम पंचायतों की वेबसाइट विकसित करने की परियोजना शुरू हो जाएगी।
- वेबसाइटों में क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधियों के विवरण के अलावा सभी जनसांख्यिकीय विवरण, ऐतिहासिक महत्त्व के स्थान, महत्त्वपूर्ण संस्थान शामिल हैं।
- वेबसाइटों को प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) और व्यापक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीएफएमएस) से लैस किया जाएगा, ताकि ग्राम पंचायतों में विकास और अन्य गतिविधियों पर खर्च किये गए फंड के लिये अधिक जवाबदेही लाई जा सके।
- ग्राम पंचायतों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य पदाधिकारियों को वेबसाइटों को संभालने के लिये प्रशिक्षित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/all-gram-panchayats-of-bihar-will-have-their-own-websites